रीजनल लेवल साइंस एग्ज़िबिशन का हुआ समापन

70 से ज्यादा स्कूलों के स्टूडेंट्स ने बनाए 110 से ज्यादा प्रॉजेक्ट

■ वरिष्ठ संवाददाता, गुड़गांव: सीबीएसई रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में समापन हुआ। 70 से ज्यादा स्कूलों के स्टूडेंट्स ने 110 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स बनाए। इस दौरान एनसीईआरटी निदेशक डॉ. रीता शर्मा, एनएससी के पूर्व निदेशक डी. राम शर्मा, आरओ पंचकुला उप सचिव संजय कुमार बिष्ट व एससीईआरटी निदेशक सुनील बजाज शामिल हुए।

जूनियर श्रेणी में शिक्षायन स्कूल ने प्राकृतिक खेती, लिटिल एंजेल्स स्कूल ने कार्बन शोधन संयंत्र, लोटस वैली ने सीनियर सेफगार्ड, एचडीएफसी स्कूल ने बायो-लुमी-ब्रीद, सैफ्रोन स्कूल ने सर्विलांस डिवाइस और केआईआईटी ने सेफ ब्रेसलेट प्रोजेक्ट बनाए। वहीं, सीनियर श्रेणी में एमिटी इंटरनैशनल ने थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर, लायन पब्लिक स्कूल ने किसान बॉट, डीपीएस ने पुष्प (जैविक और किफायती सैनिटरी पैड), एमवीएन स्कूल ने एक्सेसवेव्स, एपीजे स्कूल ने सस्टेनेबल कूलिंग सिस्टम, एयरफोर्स स्कूल ने साइन ब्रिज और केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल ने ऑटोमेटिक पिल डिस्पेंसर जैसे प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए।